बिहार में उत्कृष्ट खिलाड़ी सीधे बनेंगे ग्रेड वन ऑफिसर

चर्चा में क्यों?

9 फरवरी, 2023 को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट का उदघाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने राज्य के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सीधे ग्रेड वन ऑफिसर बनाए जाने की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों को अभी तक ग्रेड 3 में नौकरी दी जा रही थी, लेकिन बिहार सरकार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने वाले राज्य के खिलाड़ियों को एसडीएम, डीएसपी या समकक्ष पद पर सीधे नौकरी देगी।
- इससे राज्य में खेल के प्रति युवाओं का आकर्षण बढ़ेगा और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी उभरेंगे। अभी तक सरकार खेल कोटे से राज्य के 235 खिलाड़ियों को नौकरी दे चुकी है।
- गौरतलब है कि खिलाड़ी और प्रशिक्षक के लिये हर वर्ष खेल सम्मान कार्यक्रम होता है, जिसमें अच्छे खिलाड़ी व प्रशिक्षक सम्मानित होते हैं अभी तक 226 लोगों को सम्मानित किया जा चुका है।
- विदित है कि नेशनल स्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट (निजम) विश्व का सबसे बड़ा खेल प्रतिभा खोज कार्यक्रम है। बिहार में इसका आयोजन पहली बार किया जा रहा है। इस खेल समागम में देश के छह सौ ज़िलों के छह हज़ार एथलीट भाग ले रहे हैं जिसमें बिहार की छह सौ प्रतिभागी शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/outstanding-players-in-bihar-will-directly-become-grade-one-officers